**DMCC रिपोर्ट में पाया गया है कि वैश्विक व्यापार का भविष्य क्षेत्रीयकृत, पुनर्गठित और पुनर्निर्देशित किया जा रहा है**

- **वि-वैश्वीकरण के प्रभाव के कारण नए प्रतिद्वंद्वी व्यापार के ब्लॉकों और गलियारों के उभरने तथा व्यापार को परिभाषित करने के लिए त्वरित क्षेत्रीयकरण**
- **'फ्रेंडशोरिंग' - संचालन का सहयोगियों को स्थानांतरण - एशिया और उत्तरी अमेरिका में अंतर-क्षेत्रीय व्यापार केंद्रों को मजबूत करेगा**
- **वैश्विक सुरक्षा, संरक्षणवाद और जलवायु संबंधी चिंताओं के बढ़ने से सप्लाई चेन पुनर्गठन में तेजी आई**
- **AI एक आदर्श बदलाव ला रहा है क्योंकि परिचालन दक्षताओं और पूर्वानुमानात्मक विश्लेषणों की खोज करने के लिए इसे वास्तविक दुनिया में तेजी से अपनाया जा रहा है**
- **150 व्यापारिक अग्रणियों के बीच हुए सर्वेक्षण में पाया गया है कि वैश्विक व्यापार के लिए AI सबसे अधिक परिवर्तनकारी टेक्नोलॉजी है**
- **स्थिरता व्यापार के बढ़ते महत्व के बीच पर्यावरण की दृष्टि से UAE स्वस्थ टेक्नोलॉजियों के लिए शीर्ष 10 व्यापार केंद्रों में से एक के रूप में प्रस्तुत हुआ है**
- **रिपोर्ट में व्यवसायों और सरकारों को अनिश्चितता के बावजूद व्यापार लचीलापन और विकास को आगे बढ़ाने के लिए अनुशंसायें दी गई हैं**
- **पूरी रिपोर्ट यहां से देखी और डाउनलोड की जा सकती है: www.futureoftrade.com**

दुबई, UAE, 21 मई, 2024 /PRNewswire/ -- 2024 में भी वैश्विक व्यापार वृद्धि और लचीलापन कायम रहेगा, क्योंकि क्षेत्रीयकरण की दिशा में हो रहे त्वरित बदलाव से द्विपक्षीय और बहुपक्षीय साझेदारी में और अधिक गहनता आएगी। DMCC की नवीनतम "Decoupled and Reconfigured" रिपोर्ट Future of Trade 2024 में कहा गया है कि डिजिटल सेवाओं के व्यापार में उछाल और व्यापक AI अपनाने से यह गहन सप्लाई चेन पुनर्गठन, मामूली और अनियमित वस्तु व्यापार वृद्धि संभव हो सकेगा।

2023 की मामूली संकुचन से उबर कर, 2024 में वैश्विक व्यापार में 2.6% की दर से वृद्धि होगी। सेवाओं का व्यापार, विशेषत: वस्तुओं और अन्य सेवाओं के व्यापार वृद्धि से आगे निकल रही डिजिटल रूप से वितरित सेवाएं, व्यापार वृद्धि का मुख्य चालक होगा, जबकि AI को व्यापक रूप से अपनाए जाने से सप्लाई पक्ष की दक्षता और व्यापार वित्त में वृद्धि होगी। हालांकि, व्यापार परिदृश्य को भू-राजनीतिक और व्यापक आर्थिक जोखिमों से उत्पन्न अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, जैसे कि चीन और यूरोप में आर्थिक मंदी, लगातार मुद्रास्फीति और दीर्घावधि के लिए उच्च ब्याज दरें, तथा वस्तुओं की कीमतों में निरंतर अस्थिरता।

**DMCC के बोर्ड के अध्यक्ष, Hamad Buamim** ने कहा: "क्षेत्रीय व्यापार संबंधों के गहराने तथा नवीन टेक्नोलॉजियों के कारण अभूतपूर्व स्तर पर कार्यकुशलता प्राप्ति के पश्चात विश्व परिवर्तनकारी बदलावों की शृंखला का सामना करने के लिए तैयार है। DMCC के Future of Trade संबंधी शोध में कोविड महामारी से उभरे मजबूत रुझानों - जैसे कि डिजिटल सेवाओं को व्यापक रूप से अपनाना और वैश्वीकरण से दूरी - में तेजी आने और आने वाले वर्षों में पकड़ बनने की संभावना है। वैश्विक व्यापार में गिरावट आने के कारण एशिया और मध्य पूर्व जैसे क्षेत्र बड़ी भूमिका निभाएंगे, क्योंकि नए गठबंधन बनेंगे और सप्लाई चेनें तात्कालिक कॉमन वैश्वीकरण मॉडल से अलग होकर जोखिम मुक्त होंगी। इन बदलावों के अनुमान बहुत गंभीर हैं, क्योंकि व्यापार नीतियां और संघर्ष वास्तविक समय में आर्थिक मानचित्रों को पुनः चित्रित करते हैं।"

**DMCC की मुख्य परिचालन अधिकारी, Feryal Ahmadi,** ने कहा: "विश्व व्यवस्था के कारण सप्लाई में कमी हो रही है, कार्गो का मार्ग बदल रहा है, तथा उपभोक्ताओं पर लागत बढ़ रही है। पूरे विश्व में डिजिटल सेवाओं की नई लहर के मद्देनजर हम सेवा व्यापार में बड़ी उछाल की उम्मीद कर रहे हैं। आज वैश्विक व्यापार में AI के अवसर स्पष्ट हैं, सप्लाई चेनों और व्यापार वित्त दोनों में, तथा नए उन्नत रूपों का उदय इसके प्रभाव को और मजबूत करेगा।"

उन्होंने कहा: "आज उनके द्वारा सामना किए जाने वाले दबावों के मद्देनजर, व्यवसाय और अर्थव्यवस्थाएं आने वाले वर्षों में लचीलेपन को प्राथमिकता दे रही हैं। इससे नए क्षेत्रीय ब्लॉक और व्यापार गलियारे भी बन रहे हैं, जो पूरे विश्व के व्यवसायों के

लिए सेमीकंडक्टर और AI विकास के महत्व के मद्देनजर, तकनीकी कौशल पर अत्यधिक निर्भर हैं। इस कार्य को सही ढंग से करने वाले व्यापार केन्द्र आने वाले दशकों में स्वयं को वैश्विक व्यापार प्रवाह के केन्द्र में पाएंगे। इस परिदृश्य में, हम देखेंगे कि UAE और दुबई जैसे केंद्र तेजी से महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, विशेषत: टिकाऊ टेक्नोलॉजियों के क्षेत्र में, क्योंकि विश्व कार्बन मुक्त होने की दौड़ में है और ऊर्जा परिवर्तन में अपनी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त और वैश्विक व्यापार सुविधाकर्ता के रूप में मध्य-पूर्व अपनी भूमिका का लाभ उठा रहा है।"

भू-राजनीति, जलवायु और टेक्नोलॉजी के दबावों से निर्मित नए गठबंधन **क्षेत्रीकरण** को प्रेरित करेंगे। बहुपक्षवाद के इस नए युग में नए व्यापार ब्लॉक और गलियारें बनेंगे। यह पिछले दो दशकों के वैश्वीकरण अभियान से एक स्पष्ट पलायन है, क्योंकि निगम लागत बचत और दक्षता की तुलना में लचीलेपन को प्राथमिकता देते हैं।

यह प्रवृत्ति राजनीतिक घटनाओं, विशेषकर US चुनाव से अत्यंत प्रभावित होगी, जिससे संरक्षणवादी टैरिफ की एक नई लहर शुरू हो सकती है। अगले कुछ वर्षों में, फ्रेंडशोरिंग में वृद्धि होगी - क्षेत्रीय बहुपक्षीय समझौतों से सहायता प्राप्त सहयोगियों के लिए संचालन का स्थानांतरण - जो एशिया और उत्तरी अमेरिका में अंतर-क्षेत्रीय व्यापार केंद्रों को मजबूत करेगा। गुटनिरपेक्ष रणनीति का पालन कर रहे तेजी से बढ़ते उभरते बाजारों को बहुध्रुवीय परिदृश्य में बढ़ी हुई व्यापार वृद्धि से लाभ होगा।

**सप्लाई चेन पुनर्गठन** में तेजी आएगी, क्योंकि कंपनियाँ वैश्विक स्तर पर संघर्षों, आर्थिक राष्ट्रवाद और संरक्षणवाद में वृद्धि के कारण अपने लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को जोखिम मुक्त करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए सुदृढ़ता को प्राथमिकता देने के कारण लंबे शिपिंग मार्ग और उच्च लागत की संभावना हो सकती है। मेक्सिको, वियतनाम और भारत जैसे उभरते बाजार स्वयं को, विशेष रूप से वस्तुओं के विनिर्माण के लिए, चीन के उत्पादन स्रोतों के विकल्प के रूप में स्थापित कर रहे हैं, क्योंकि कंपनियां सप्लाई चेन खंडों को अपने बाजारों में स्थानांतरित कर रही हैं। इस बीच, मध्य-पूर्व में UAE जैसे देश अपनी सापेक्ष राजनीतिक तटस्थता, दुबई जैसे केन्द्रों के माध्यम से उन्नत व्यापार अवसंरचना, तथा पूर्व और पश्चिम तथा उत्तर और दक्षिण के बीच भौगोलिक स्थिति का लाभ उठाते हुए, इस पुनर्गठित व्यापार परिदृश्य में एक व्यापार सुविधाकर्ता के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

**जलवायु परिवर्तन** इस प्रवृत्ति को तेज़ कर रहा है। नीति, उपभोक्ता चेतना में बदलाव और व्यापार तथा उत्पादन लागतों को प्रभावित करने वाली अत्यधिक मौसम संबंधी घटनाओं से प्रेरित होकर, सरकारें और कंपनियां तेजी से नेट-शून्य प्रतिबद्धताओं को अपना रही हैं। नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों और टिकाऊ टेक्नोलॉजियों की खोज में व्यापार एक प्रमुख सक्षमकर्ता के रूप में उभर रहा है। विभिन्न क्षेत्रों में कार्बन-मूल्य निर्धारण व्यवस्थाएं विकसित हो रही हैं और इससे कंपनियों को उत्पादन की कार्बन लागत को आंतरिक बनाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा, जिससे अधिक टिकाऊ आपूर्तिकर्ताओं के लिए नए व्यापार अवसर पैदा होंगे और हरित व्यापार परिदृश्य को बढ़ावा मिलेगा। इस बीच, पर्यावरण की दृष्टि से स्वस्थ टेक्नोलॉजियों (EST) का अधिग्रहण और प्रसार बढ़ रहा है, क्योंकि अधिकाधिक देश अपने उद्योगों को कार्बन मुक्त करने का प्रयास कर रहे हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, नीदरलैंड, हांगकांग और सिंगापुर जैसे अन्य प्रमुख केंद्रों के साथ, मूल्य के आधार पर विश्व में EST के शीर्ष 10 आयातकों में UAE उभर कर आया है, जो स्थिरता परिवर्तनकाल में वैश्विक व्यापार केंद्र के रूप में अपने बढ़ते सामरिक और क्षेत्रीय महत्व को दर्शाता है।

**AI व्यापार में क्रांति लाने के लिए तैयार है।** इससे परिचालन परिवेश में व्यापक बदलाव आएगा, क्योंकि सप्लाई चेनों को अनुकूलित करने, दक्षता बढ़ाने और पूर्वानुमानात्मक विश्लेषण के माध्यम से लागत कम करने के लिए विभिन्न व्यवसाय AI का उपयोग करेंगे। नए व्यापार अवसरों को पकड़ने के लिए डेटा-संचालित बाजार में AI से जानकारियां मिलेंगी, और लेनदेनों में AI-संचालित व्यापार वित्त समाधान सुव्यवस्थित करेंगे। 150 से अधिक व्यापार अग्रणियों और नीति निर्माताओं के बीच किए गए Future of Trade सर्वेक्षण में पाया गया है कि AI टेक्नोलॉजी से व्यापार पर सबसे ज़्यादा परिवर्तनकारी प्रभाव होगा।

टेक्नोलॉजीकल वर्चस्व की दिशा में AI से भी अधिक, **सेमीकन्डक्टर** अग्रणी बनने के लिए तैयार हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स में अपनी अपरिहार्य भूमिका के अतिरिक्त, सेमीकन्डक्टर हरित परिवर्तन के लिए भी महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि वे सौर पैनल सेल और इलेक्ट्रिक वाहनों में आवश्यक घटक हैं। चीन और US के बीच उभरता हुआ 'चिप युद्ध' व्यापार तनावों में वृद्धि करेगा तथा क्षेत्रीयकरण को और बढ़ावा देगा, क्योंकि दोनों शक्तियां उत्पादन बढ़ा रही हैं तथा अपने उद्योगों को बचा रही हैं।

DMCC की Future of Trade 2024 रिपोर्ट में व्यवसायों और सरकारों को विकास में तेजी लाने और किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति का सामना करने के लिए कई प्रमुख अनुशंसायें की गई हैं:

**व्यवसायों के लिए नीतिगत अनुशंसायें:**

- **भू-राजनीतिक बदलावों के विरुद्ध सप्लाई चेनों को पुनः कॉन्फ़िगर करना।** आपूर्तिकर्ताओं के विविधीकरण और वैकल्पिक तथा अतिरिक्त सोर्सिंग रणनीतियों में निवेश करने से भी सप्लाई चेन में उत्पन्न हो रहे व्यवधानों को कम करने में सहायता मिल सकती है।

- **डिजिटल परिवर्तन और नवाचार में निवेश करना।** AI को समझने और लागू करने में निवेश करने वाली कंपनियों को इसके क्रांतिकारी प्रभाव से लाभ मिलता है। उन्हें प्रतिस्पर्धा में हारने का जोखिम नहीं होता।

- **बोर्ड स्तर पर स्थिरता को प्राथमिकता देना।** बोर्ड के एजेंडे में व्यवसायों द्वारा स्थिरता को शीर्ष स्थान पर रखा जाना चाहिए और समग्र राष्ट्रीय उद्देश्यों के साथ संरेखण सुनिश्चित करने के लिए रणनीतिक निर्णय लेने में ESG ढांचे को एकीकृत किया जाना चाहिए।

- **जलवायु-संबंधी सप्लाई चेन जोखिमों को कम करना।** व्यवसायों को प्रमुख सप्लाई चेन नोड्स और परिचालनों से संबंधित जलवायु जोखिमों का आकलन करना चाहिए और जोखिम न्यूनीकरण रणनीतियों को लागू करना चाहिए, जैसे कि संपत्ति और दुर्घटना बीमा कवरेज सुरक्षित करना।

- **गैर-पारंपरिक वित्त स्रोतों से जुड़ना।** व्यवसायों, विशेषत: SME का गैर-पारंपरिक वित्तपोषण, की संभावनाएं खोजनी चाहिए। इसमें उद्यम पूंजी, निजी इक्विटी, क्राउडफंडिंग और प्रभाव निवेश सम्मिलित हैं। बड़े व्यवसाय मिश्रित वित्त पहल पर विकास बैंकों के साथ सहयोग कर सकते हैं और जोखिम मुक्त ऋण और नए बाजारों तक पहुंच से लाभान्वित हो सकते हैं।

**सरकारों के लिए नीतिगत अनुशंसायें:**

- **नए व्यापारिक संबंध बनाना।** मजबूत विकास क्षमता वाले क्षेत्रों में निर्यात को प्रोत्साहित करने से नए उपभोक्ता आधार बनाने, धीमी वैश्विक व्यापार वृद्धि के प्रभाव को कम करने और आर्थिक उतार-चढ़ाव के प्रति लचीलापन बढ़ाने में सहायता मिल सकती है।

- **डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और नवाचार में निवेश करना।** AI टेक्नोलॉजियों और डिजिटल व्यापार प्लेटफ़ॉर्म के विकास का समर्थन करने से आर्थिक विकास और प्रतिस्पर्धा के नए अवसर खुल सकते हैं।

- **AI अपनाने और विनियमन को बढ़ावा देना।** नवाचार को बढ़ावा देकर और गोपनीयता, पूर्वाग्रह और जवाबदेही से संबंधित चिंताएं हटा कर, सरकारें AI की परिवर्तनकारी क्षमता को उजागर कर सकती हैं। इसे AI अनुसंधान और विकास में निवेश, AI शिक्षा और कार्यबल प्रशिक्षण कार्यक्रमों का समर्थन तथा नैतिक AI परिनियोजन सुनिश्चित करने के लिए नियामक ढांचे की स्थापना के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है।

- **टिकाऊ इंफ्रास्ट्रक्चर और टेक्नोलॉजी में निवेश करना।** सरकारों को नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को प्राथमिकता देनी चाहिए, परिवहन नेटवर्क को उन्नत करना चाहिए और टिकाऊ टेक्नोलॉजियों के अनुसंधान और विकास को सपोर्ट करना चाहिए।

- **व्यापार वित्त अंतर को दूर करने के लिए सभी नीतिगत और गैर-नीतिगत उपायों को प्राथमिकता देना।** सरकारों को व्यापार वित्त साधनों की उपलब्धता बढ़ाने और व्यापार वित्त में बाधाओं को कम करने के लिए विनियामक सुधारों को लागू करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों और बहुपक्षीय विकास बैंकों के साथ सहयोग करने को प्राथमिकता देनी चाहिए।

## रिपोर्ट लॉन्च

यूनाइटेड किंगडम के लंदन स्थित Royal Society of Arts में आयोजित लॉन्च कार्यक्रम के दौरान, DMCC के प्रतिनिधियों ने Hitachi ZeroCarbon, Industrial and Commercial Bank of China (ICBC) और European Center for International Political Economy (ECIPE) के अंतर्राष्ट्रीय उद्योग जगत के अग्रणियों और अर्थशास्त्रियों के एक पैनल के साथ रिपोर्ट पर अपने विचार साझा किए।

Future of Trade, वैश्विक व्यापार की बदलती प्रकृति पर DMCC की प्रमुख विचार नेतृत्व रिपोर्ट शृंखला है। रिपोर्ट में व्यापार परिदृश्य के भविष्य पर वैश्विक आर्थिक प्रवृत्तियों, भू-राजनीति, टेक्नोलॉजी, स्थिरता और वित्त के प्रभाव की जांच की

गई है। रिपोर्ट श्रृंखला को 1.9 मिलियन से अधिक बार देखा और डाउनलोड किया गया है, जो अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर अग्रणी आवाज के रूप में DMCC की बढ़ती मान्यता को रेखांकित करता है।

यह रिपोर्ट अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के दृष्टिकोण पर विशेषज्ञों की राय और विस्तृत शोध का संकलन है। DMCC ने 150 से अधिक उद्योग विशेषज्ञों से जानकारी प्राप्त करने के लिए नौ वैश्विक राउन्ड टेबल बैठकें आयोजित कीं, व्यापार विशेषज्ञों का साक्षात्कार लिया, सर्वेक्षण आंकड़ों का विश्लेषण किया और अपने कमोडिटी सूचकांक विकसित किए।

**DMCC का परिचय**

दुबई में मुख्यालय वाला DMCC विश्व का सबसे अधिक परस्पर जुड़ा हुआ मुक्त क्षेत्र है, तथा वस्तुओं के लिए अग्रणी व्यापार और उद्यम केंद्र है। Jumeirah Lakes Towers और बहुप्रतीक्षित Uptown Dubai जैसी विश्व स्तरीय संपत्तियों के साथ जीवंत पड़ोस विकसित करने, अथवा उच्च प्रदर्शन वाली व्यावसायिक सेवाएं प्रदान करने के लिए, DMCC अपनी गतिशील कम्यूनिटी को रहने, काम करने और फलने-फूलने के लिए आवश्यक हर चीज प्रदान करता है। व्यापार के लिए निर्मित, DMCC को आज और भविष्य में वैश्विक व्यापार के लिए दुबई की स्थिति को बनाए रखने और विकसित करने पर गर्व है। www.dmcc.ae